ACC

# स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति

एसीसी लिमिटेड भारत के सीमेंट एवं रेडी मिक्स्ड कॉंक्रीट के अग्रणी उत्पादकों में से एक है, जिसका देश भर में अपने प्लांटों, खदानों और कार्यालयों का एक विशालकाय नेटवर्क फैला हुआ है।

हम अपने व्यवसाय को कुछ इस प्रकार से चलाते हैं, जो हमारे सभी हितधारकों (कर्मचारियों, ठेकेदारों, समुदायों एवं ग्राहकों) को एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है और यह एक ठोस सुरक्षा-संस्कृति पर आधारित है।

हम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वाधिक महत्ता देते हैं। हम अपने संगठन में सभी स्तरों पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत उत्तरदायित्व और प्रत्यक्ष नेतृत्व में विश्वास करते हैं।

**हमारी प्रतिबद्धता**

हमः

- अपना व्यवसाय शून्य क्षति के लक्ष्य के साथ करेंगे।
- अपने सभी कर्मचारियों एवं ठेकेदारों के लिए कार्य करने की सुरक्षित एवं स्वस्थ स्थितियाँ प्रदान करेंगे।
- व्यवसाय में अपने प्रदर्शन में सतत सुधार लाने और सक्रियता से जोख़िम-प्रबंधन के साथ वैश्विक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को बरकरार रखेंगे।
- उपयुक्त कानूनी, विनियामक, उद्योग एवं कॉर्पोरेट की आवश्यकताओं का पालन करेंगे।
- प्रासंगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मुद्दों पर सभी हितधारकों के साथ खुले तौर पर संवाद करेंगे।

हरीश वदामी

हरीश वदामी
सी ई ओ एंड मैनेज़िंग डाइरेक्टर

अगस्त 24, 2015